बरेली, गुरुवार
27 मार्च, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

# दैनिक जागरण

PAGE NO, III, MIDDLE LEFT

**हैकाथान :** एसआरएमएस सीईटी में तीन दिवसीय हैकाथान का आगाज सुबह 9:30 बजे से।

PAGE NO ,IV, MIDDLE LEFT

## एसआरएमएस सीईटी में तीन दिवसीय हैकाथान 3 .0 आज से

जासं, बरेली : श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (एसआरएमएस सीईटी) में तीन दिवसीय हैकाथान 3.0 गुरुवार से शुरू होगा। कालेज के इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से टेक एज सेल द्वारा आयोजित



डा . प्रभाकर गुप्ता • सौ. संस्थान

इस हैकाथान का उद्देश्य आपदा प्रबंधन के लिए नवाचार और तकनीकी समाधानों को बढ़ावा देना है। यह प्रतिभाशाली विद्यार्थी आपदाओं को कम करने के लिए टिकाऊ और परिपत्र समाधान विकसित करने का मंच है।

यह जानकारी एसआरएमएस सीईटी के प्रिंसिपल, प्रेसिडेंट आइआइसी एवं हैकाथान 3.0 के इवेंट डायरेक्टर डा. प्रभाकर गुप्ता ने दी। उन्होंने कहा कि इस बार इंजीनियरिंग कालेजों के बीच हैकाथान को लेकर जबरदस्त उत्साह है। इसमें शामिल होने के लिए अब तक उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना राज्य के विभिन्न कालेजों के 157 प्रतिभागी पंजीकरण करा चुके हैं। यह सभी 43 टीमों के रूप में एसआरएमएस सीईटी पहुंच रहे हैं।